# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 04 / 26– 20 ,राँची / दिनांकः 16/ 05 / 2026

## *डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2026 के आयोजन से संबंधित सांकेतिक सूचना*
## *{Indicative Information Regarding Diploma Entrance Competitive Examination (Lateral Entry) – 2026}*

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–त0शि0प्र0 / विविध–17 / 2017–176 दिनांक–16.02.2026 के माध्यम से प्राप्त अधियाचना के आलोक में झारखण्ड राज्य स्थित राजकीय, गैर–राजकीय एवं पी0पी0पी0 मोड पर संचालित पोलिटेकनिक संस्थानों, झारखण्ड गवर्नमेंट मिनि टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, राँची, गवर्नमेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, दुमका एवं केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), हेहल, राँची के डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के शैक्षणिक वर्ष–2025–26 में द्वितीय वर्ष / तृतीय सेमेस्टर में नामांकन हेतु वैसे उपयुक्त आवेदकों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और कंडिका–2 में अंकित शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक पर्षदीय वेबसाईट http:jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर सर्वप्रथम "Click Here for All Online Application Submission- JCECEB - 2026 को Click करें तथा उसके बाद "Online Application Form Submission for Admission in Diploma (L.E.). - 2026" link को Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए **ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है।** ऑनलाईन आवेदन भरते समय स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ सफेद पृष्ठभूमि में, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देता हो तथा जो संपादित (Edited) नहीं हो, हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे के निशान के साथ submit करें। ऑनलाईन आवेदन करने पर उसका प्रिंट आउट पर्षद कार्यालय को नहीं भेजना है।

2. **शैक्षणिक योग्यता :–**

Passed 10+2examination*with Physics/Mathematics/Chemistry/ComputerScience/Electronics /InformationTechnology/Biology/InformaticsPractices/Biotechnology /Technical Vocational subject/Agriculture/EngineeringGraphics/BusinessStudies/Entrepreneurship as per table 8.4 of the Approval Process Handbook 2024-2027.

अथवा

10th + 2 year ITI * shall be eligible for admission to second Year Diploma Course(s) in Any branch of Engineering and Technology.

**नोट :–(क)** * से अभिप्राय है कि वैसे आवेदक जो अर्हक परीक्षा में सम्मिलित हुए हों, तो वे भी ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित कर सकते हैं, परन्तु उन्हें साक्षात्कार की तिथि के पूर्व तक उत्तीर्णता प्राप्त कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन के योग्य नहीं समझे जायेंगे।

(ख) दो वर्ष से कम अवधि वाले ITI में उत्तीर्ण होने वाले आवेदक उक्त परीक्षा के तहत नामांकन के योग्य नहीं समझे जायेंगे।

(ग) उपरोक्त योग्यता AICTE के Approval Process Handbook 2024-2027 आधारित है।

3. **अर्हता, शर्तें, आरक्षण, ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने का तरीका एवं आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीका, परीक्षा का स्तर, मेधा सूची का निर्माण एवं अन्य से संबंधित महत्वपूर्ण** जानकारी हेतु सूचना–विवरणिका (Information-Bulletin) का अध्ययन अवश्य करें जो पर्षद के वेबसाइट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Download" कॉलम में भारित (Uploaded) है।

4. अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन में दर्ज की गई विवरणियों (Entries) में यदि सुधार की आवश्यकता हो तो वे **Login** कर दिनांक–13.06.2026 से दिनांक–14.06.2026 तक **Online** सुधार कर सकते हैं। इसके पश्चात विवरणियों में सुधार हेतु कोई मौका नहीं दिया जायेगा और ना ही इस संबंध में कोई आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

5. परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्रम सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| a. | ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | 19.05.2026 |
| b. | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 12.06.2026 |
| c. | ऑनलाईन आवेदन में भरे गये विवरणियों (Entries) में सुधार | 13.06.2026 से 14.06.2026 |
| d. | ऑनलाईन प्रवेश–पत्र (Online Admit Card) अद्यःभारित (Download) करने की तिथि | प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन तिथि के 4 दिन पूर्व से |
| e. | परीक्षा की तिथि एवं समय | **28.06.2026 (रविवार), अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक** |
| f. | जिला मुख्यालय जहाँ प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी | **राँची** |

6. आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क :–

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| a. | सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS)/पिछड़ी जाति – I (BC – I)/पिछड़ी जाति – II (BC – II) | ₹ 650/–* |
| b. | अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST)/सभी कोटि की महिला | ₹ 325/–* |
| c. | सभी कोटि के दिव्यांगजनों को परीक्षा/आवेदन शुल्क देय नहीं होगा | ------ |
| * से अभिप्राय है कि परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा। | | |

7. **परीक्षा का प्रकार** : उक्त परीक्षा OMR Based (Off-line) Mode में राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय (Multiple Choice) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अँग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

8. **अन्य आवश्यक सूचनाएँ–** साक्षात्कार, सीटों की संस्थान–वार/शाखा–वार/कोटि–वार/कोटा–वार विवरणी एवं अन्य अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट के सम्पर्क में लगातार बने रहें।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

16/05/26

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक